कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।

*Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397*

पत्रांक – 1133 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 30/10/ 2025.

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषय :–** **जनपद बागेश्वर अन्तर्गत मण्डलसेरा मोटर मार्ग के किमी0 02 से कलियाबगड़ गोगिनापानी से मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.469 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के संबंध में। (प्रस्ताव सं0– 155257/2016)**

**संदर्भः–** **भारत सरकार के पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/35/2023/एफ0सी0 दिनांक–30.04.2025।**

महोदय,

विषयगत मोटर मार्ग के सम्बन्ध में प्रदर्शित आपत्तियों का निराकरण कर प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर के पत्रांक 1600/12–1(2) दिनांक 17.10.2025 द्वारा सूचित किया है, जिसे आपके सूचनार्थ प्रेषित किया जा रहा है, कृपया अग्रेत्तर कार्यवाही करना चाहें।

**<u>संलग्न–यथोपरि।</u>**

भवदीय

**(चन्द्र शेखर जोशी)**
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

अतिरिक्त
27 OCT 2025

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

Email-dfobag-forest-uk.nic.in/ dfo_bageshwar@rediffmail.com
दूरभाष एवं फैक्स नं0: 05963-220249 वन मित्र काल सेंटर– 9208008000

पत्रांक 1600 /12-1-2 बागेश्वर दिनांक : 17 / 10 /2025

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड अल्मोड़ा।

विषय – **जनपद बागेश्वर अन्तर्गत मण्डलसेरा मोटर मार्ग के किमी0 02 से कलियाबगड गोगिनापानी से मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.469 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन सम्बन्ध में (प्रस्ताव संख्या–155257/2016)**

सन्दर्भ:– भारत सरकार के पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/35/2023/एफ0सी0 दिनांक 30.04.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा उक्त प्रस्ताव में जो आपत्तिया लगायी गयी है उनका निम्नानुसार निराकरण कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| बिन्दु स0 1 | The site inspection report of DFO shall be submitted to justify that the proposed alignment is best suited to connect the village Falyati, Kaliyabagar and Goginapani. | Site inspection report संलग्न है। |

अतः सूचना सेवा मे सादर प्रेषित।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

"D:\samany 2018-19\land transfer\letter land tansfare.p.w.d BGR .docx"

## वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार की आपत्ति के बिन्दु संख्या 1 के कम में आख्या

जनपद बागेश्वर में विधनसभा क्षेत्र बागेश्वर के अन्तर्गत मण्डलसेरा से कलियाबगड़ होते हुए गोगीनापानी तक मोटर मार्ग निर्माण का प्रस्ताव प्रान्तीय निर्माण खण्ड बागेश्वर द्वारा तैयार किया गया है । क्षेत्रीय कार्यालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 30.04.2025 को लगायी गयी आपत्ति The site inspection report of DFO shall be submitted to justify that the proposed alignment is best suited to connect the village Falyati, Kaliyabagar and Goginapani. के सम्बन्ध में दिनांक 22.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता एंव सहायक अभियन्ता के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें देखा गया कि मण्डलसेरा मोटर मार्ग के किमी 02 से प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से कलियाबगड़, व गोगीनापानी के ग्रामीणों को निकटस्त नगरीय क्षेत्र से जोड़ना है जिससे उन्हें शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा के साथ–साथ व्यापारिक रूप से बाजार तक सुगम पहुच प्राप्त हो सके।

वर्तमान में प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम कलियाबगड़ सीधे जनपद मुख्यालय (मण्डलसेरा) से जुड़ जाएगी जिस हेतु ग्रामीणों को अधिकतम 3 km दूरी तय करनी होगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग के अभियन्ताओं से चर्चा की गयी तथा प्रस्तावित समरेखण की के0एम0एल0 फाइल का भी अवलोकन किया गया। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया की वर्तमान संरेखण से गोगिनापानी एवं फल्याटी ग्राम आंशिक रूप से लाभान्वित हो रहे हैं, पूर्ण रूप से लाभान्वित किये जाने हेतु पृथक से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की जायेगी। **(छायाप्रति संलग्न)**

यदि समरेखण ग्राम फल्याटी से होते हुए वर्तमान निर्मित मोटर मार्ग से किया जाता है, तो इन ग्रामों की जनपद मुख्यालय से दूरी लगभग 12 km हो जाती है। इस नए प्रस्तावित समरेखण में भी मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि की आवश्यकता होगी जिसकी सही मात्रा समरेखण के निर्धारण के उपरान्त ही आगणित की जा सकती है।

अतः आवश्यक कार्यवाही हेतु रिर्पोट सेवा में सादर प्रेषित है।

(आदित्य रत्न),
प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर।

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर